राज्यासभा

अतारांकित प्रश्नासंख्या:2043

11 मई, 2016 को उत्त र के लिए

इस्पात क्षेत्र में रोजगार अवसरों को बढ़ाने के लिए योजना

2043. श्री परिमल नथवानी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के इस्पात क्षेत्र में रोजगार अवसरों को बढ़ाने के लिए कोई योजना कार्यान्वित की है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान इस क्षेत्र में पैदा किए गए रोजगार अवसरों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा भविष्य में इस क्षेत्र में और अधिक रोजगार अवसर पैदा करने के लिए क्या नीति बनाई गई है?

उत्तगर

इस्पाात और खान राज्या मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): जी नहीं। इस्पात मंत्रालय द्वारा इस्पात क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने/बढ़ाने की किसी स्कीम का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और रोजगार संबंधित निर्णय व्यक्तिगत इस्पात कंपनियों द्वारा लिए जाते हैं। इस्पात क्षेत्र के संयंत्रों में मानव संसाधनों की भर्ती और तैनाती का निर्णय कंपनी के संबंधित स्वामी/प्रवर्तक द्वारा तकनीकी और वित्तीय जरूरतों के आधार पर लिया जाता है।

***